सहमति पत्र (एम.ओ.यू.) तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) मुरादाबाद और शिक्षा कायाकल्प न्यास

तिथि: 11 फरवरी 2026

आज दिनांक **11 फरवरी, 2026 को तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) मुरादाबाद और शिक्षा कायाकल्प न्यास** के बीच निष्पादित किया गया। इस सहमति का उद्देश्य शिक्षा कायाकल्प न्यास द्वारा गोद लिए गए इंटर कॉलेजों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन देना है जिससे वे अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

योजना के प्रमुख बिंदु:

1. योजना का उद्देश्य:
   इंटर कॉलेजों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर देना।

2. विद्यार्थियों का चयन:
   MUDA शिक्षा कायाकल्प न्यास द्वारा गोद लिए गए आगरा मंडल के इंटर कॉलेजों से उन दो (2) विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा जिन्होंने शैक्षणिक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया होगा तथा इनमें भी जैन विद्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी।

3. पाठ्यक्रम :
   चयनित विद्यार्थियों को **तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) मुरादाबाद** द्वारा संचालित (काउंसिल के पाठ्यक्रमों को छोड़कर) पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश दिया जाएगा।

A. योजना के अंतर्गत सीटों की संख्या - 2 सीटें

4. शुल्क में छूट:
   चयनित विद्यार्थियों को, काउंसिल के पाठ्यक्रमों को छोड़कर, केवल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के शिक्षण शुल्क में ही 100% की छूट प्रदान की जाएगी।

5. अन्य देय शुल्क:

चयनित विद्यार्थियों को निम्न शुल्क स्वयं वहन करना होगा:

- हॉस्टल फ़ीस में विद्यार्थियो को केवल 50 प्रतिशत फ़ीस ही जमा करनी होगी तथा 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।
- विद्यार्थियों को सम्पूर्ण मैस फीस जमा करनी होगी।

Forwarded to Registrar for n/a 31/03/26

11-02-26

Teerthanker Mahaveer University TMU

6. छात्रवृति प्रक्रिया:

विश्वविद्यालय संबंधित विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग में छात्रवृति हेतु आवेदन करने में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करेगा। छात्रवृति स्वीकृत होने की स्थिति में प्राप्त समस्त धनराशि विद्यार्थी की व्यक्तिगत निधि मानी जाएगी। यह छात्रवृति विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु होगी।

7. चयन निर्णय:

प्रवेश और चयन से जुड़ा अंतिम निर्णय **तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) मुरादाबाद** और **शिक्षा कायाकल्प न्यास** द्वारा लिया जाएगा जो सभी के लिए मान्य होगा।

योजना से अपेक्षित लाभ:

यह पहल मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इससे वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगे।

हस्ताक्षर:

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) मुरादाबाद
नाम: सुरेश जैन
पद: कुलाधिपति
हस्ताक्षर:

शिक्षा कायाकल्प न्यास
नाम: प्र॰ अनूप कुमार गुप्ता
पद: उपाध्यक्ष
हस्ताक्षर:

तिथि: 11 फरवरी 2026

शिक्षा कायाकल्प न्यास
जी.एल.ए. विश्वविद्यालय
एन.एच. #2, पो.आ.–चौमुहाँ
जिला–मथुरा, उ.प्र. 281406